श्याम मुझे छोटी सी गीता मंगवा दो

श्याम मुझे छोटी सी गीता मंगवा दो......

श्याम मुझे माथे पर बिंदिया नहीं चाहिए,
श्याम मेरे माथे पर चंदन लगवा दो,
श्याम मुझे छोटी सी गीता मंगवा दो....

श्याम मुझे कानों में झुमके नहीं चाहिए,
श्याम मेरे कानों में ज्ञान डलवा दो,
श्याम मुझे छोटी सी गीता मंगवा दो....

श्याम मुझे गले में हरवा नहीं चाहिए,
श्याम मुझे तुलसी की माला डलवा दें,
श्याम मुझे छोटी सी गीता मंगवा दो....

श्याम मुझे हाथों में कंगन नहीं चाहिए,
श्याम मेरे हाथों से सेवा करवा दो,
श्याम मुझे छोटी सी गीता मंगवा दो....

श्याम मुझे पैरों में पायल नहीं चाहिए,
श्याम मेरे पैरों से तीर्थ करवा दो,
श्याम मुझे छोटी सी गीता मंगवा दो....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26491/title/shyam-mujhe-choti-si-geeta-mangva-do

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |